अब ऑनलाइन पोर्टल से खरीदिए बिजली की बेहद कम खपत करने वाले उत्पाद

बीएसईएस और ईईएसएल ने किया ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च

नई दिल्ली: 22 फरवरी। एनर्जी एफिशिएंट टेक्नोलॉजी व उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और बिजली की पीक डिमांड में कमी लाने के उद्देश्य से बीआरपीएल और ईईएसएल ने एक साझेदारी की है। इसके तहत, एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जहां उपभोक्ता बिजली की बेहद कम खपत करने वाले उत्पादों की खरीदारी कर सकेंगे। यह सेवा फिलहाल, बीआरपीएल के 25 लाख उपभोक्ताओं के लिए है। यह 12 महीनों तक चलने वाला एक पायलट प्रोजेक्ट है। इस पोर्टल पर सुपर एफिशिएंट एसी, इंडक्शन कूकर, पंखे, एलईडी ट्यूब और एलईडी बल्ब मिलेंगे।

बीआरपीएल उपभोक्ताओं के लिए खास तौर पर लॉन्च की गई इस ऑनलाइन पोर्टल का अड्रेस है– **www.EESLmart.in** , जहां बिजली के ऐसे उत्पाद खरीदे जा सकते हैं, जो वर्तमान थ्री स्टार उपकरणों के मुकाबले बिजली की 40 प्रतिशत कम खपत करते हैं। यही नहीं, सुपर एफिशिएंट एसी उत्पादों की कीमत बाजार में उपलब्ध इसी श्रेणी के अन्य उत्पादों के मुकाबले 20 से 30 प्रतिशत तक कम रहने की उम्मीद है।

इस ऑनलाइन पोर्टल पर एनर्जी एफिशिएंट उत्पादों का एक कैटलॉग होगा, पेमेंट गेटवे होगा, उत्पाद–विशेष का विवरण होगा, उनकी तस्वीरें होगी, और शिपमेंट से संबंधित सूचनाएं भी होंगी। यही नहीं, चौबीसों घंटे और सातों दिन कस्टमर सर्विस मिलेगी, खरीदारों की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाएगा और उत्पाद भेजने के बाद भी पोस्ट शिपिंग सपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी।

बीआरपीएल और ईईएसएल की इस साझेदारी से एक ओर जहां एनर्जी एफिशिएंट उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड में भी कमी लाने में मदद मिलेगी। साथ ही, बीआरपीएल को ईईएसएल की विशेषज्ञता का भी फायदा मिलेगा, जिसके तहत उत्पादों की खरीद, शिकायत प्रबंधन, शिकायतों का निपटारा और विभिन्न उत्पादों पर वॉरंटी, आदि पर ध्यान दिया जाएगा।

बिजली की पीक डिमांड, हालांकि, कुछ ही समय के लिए रहती है, लेकिन इससे बिजली खरीद की लागत में काफी बढ़ोरी हो जाती है और डिस्ट्रिब्यूशन व ट्रांसमिशन कॉस्ट भी बढ़ता है। ऐसी पहल के माध्यम से बिजली के लोड को नॉन–पीक ऑवर्स में शिफ्ट करके, बिजली की पीक डिमांड में कमी लाई जा सकती है। इससे जहां एक ओर अतिरिक्त बिजली खरीद की जरूरत कम पड़गी, वहीं बिजली वितरण के नेटवर्क की सिक्युरिटी सुनिश्चित होगी, बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी और वितरण घाटे में और भी कमी आएगी।

इस बारे में आज बीआरपीएल (बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड) के सीईओ श्री अमल सिन्हा और ईईएसएल (एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड) के एमडी श्री सौरभ कुमार ने एक समझौता–पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर वेब पोर्टल के लॉन्च के साथ–साथ एनर्जी एफिशिएंट ब्रोशर भी रिलीज की गई।

इस साझेदारी के बारे में बीआरपीएल सीईओ श्री अमल सिन्हा का कहना है– बीआरपीएल एनर्जी एफिशिएंसी, ग्रीन टेक्नोलॉजी को अपनाने और स्मार्ट प्रोक्योरमेंट पहल को लेकर प्रतिबद्ध है, जिसके बेहतर परिणाम हमें और हमारे उपभोक्ताओं को मिलेंगे। इस कार्यक्रम ने एक बार फिर अपने–अपने क्षेत्रों के दो लीडरों को एकसाथ लाने का काम किया है और इसका लाभ बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं को मिलेगा। इससे देशभर के डिस्कॉम के लिए एक रोड–मैप भी तैयार होगा, जिसका पूरे देश को लाभ मिलेगा।

ईईएसएल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ कुमार के मुताबिक– हमारे *उजाला* प्रोग्राम से हमें यह कॉन्फिडेंस मिला कि भारतीय उपभोक्ता जागरूकता और एनर्जी एफिशिएंसी के लिए हो रहे महत्वपूर्ण प्रयासों को लेकर खुले हुए हैं। एनर्जी एशिफिएंट उपकरण कार्यक्रम के माध्यम से, हम न सिर्फ एफिशिएंसी के लिए स्टैंडर्ड्स को रीडिफाइन करना चाहते हैं और भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एनर्जी एफिशिएंट उपकरणों की रेंज को बढ़ाना चाहते हैं, बल्कि अपने पूर्व के प्रयासों में उल्लेखनीय सुधार लाते हुए इन तकनीकों की व्यापक और आसान उपलब्धता भी सुनिश्चित करना चाहते हैं। इस प्रोग्राम के लिए साझेदारी के तहत मिले मैंडेट पर डिलिवर करने के लिए बीआरपीएल ने हमारी क्षमताओं और संभावनाओं पर जो विश्वास दिखाया है, इसके हम आभारी हैं। देश के सभी उपभोक्ताओं को इस प्रोग्राम का लाभ मिले, इस दिशा में हम काम कर रहे हैं।

ईईएसएल के सुपर एफिशिएंट एयर कंडीशनिंग कार्यक्रम, जो कि ओवरऑल एनर्जी एफिशिएंसी अप्लाएंस प्रोग्राम का हिस्सा है, के लिए ग्लोबल एन्वायर्नमेंट फेसिलिटी यानी जीईएफ के आंशिक ग्रांट से सहयोग मिला है। यह एक इंडिपेंडेंट फाइनेंसिंग मैकेनिज्म है, जिसे पर्यावरण के वैश्विक मुद्दों को हल करने के लिए 1992 के रियो अर्थ समिट में स्टेबल्शि किया गया था। इसके अलावा, एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) जरूरी ग्रांट का सहयोग उपलब्ध करा रहा है, जबकि यूनाइटेड नेशंस एन्वायर्नमेंट (यूएनईपी) सुपर एफिशिएंट एसी प्रोग्राम को तकनीकी सहयाता उपलब्ध करा रहा है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उदयम हैं।

———————————————————————————————————————